समाचार

नगर निगम कोरबा द्वारा प्रायोजित

मुख्यमंत्री के आगमन पर किया गया गांधी विचार यात्रा का मंचन

कोरबा 13 अक्टूबर 2019–मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के कोरबा प्रवास के दौरान आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल घंटाघर ओपन थियेटर परिसर में उनके आगमन के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रायोजित गांधी विचार यात्रा का सुंदर मंचन किया गया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रमुख सत्याग्रहों एवं आंदोलनों को विद्यालयीन छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

लाईफ लाईन एक्सप्रेस के उदघाटन एवं विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण भूमिपूजन का मुख्य कार्यक्रम घंटाघर स्थित ओपन थियेटर परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल के मुख्य प्रवेशद्वार के समीप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा महिला आई.टी.आई. की छात्राओं एवं अन्य छात्रों के सहयोग से गांधी विचार यात्रा के मंचन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के दौरान छात्र–छात्राओं ने यह मंचन प्रारंभ किया, जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा नवम्बर 1921 में चलाए गए असहयोग आंदोलन, मार्च 1930 के नमक सत्याग्रह, अप्रैल 1917 के चंपारण सत्याग्रह, अगस्त 1920 के कंडेल यात्रा (धमतरी) तथा अगस्त 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की थीम पर यह मंचन किया गया, जिसका अवलोकन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, कोरबा जिला प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राज्य सभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, विधायक पुरूषोत्तम कंवर एवं मोहित केरकेट्टा, पूर्व विधायक बोधराम कंवर एवं श्यामलाल कंवर, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, जिला पंचायत सी.ई.ओ.

एस.जयवर्धन एवं आयुक्त श्री राहुल देव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।